सत्यमेव जयते

राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड

राजभवन देहरादून 30 सितम्बर, 2024

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से सोमवार को राजभवन में मेजर जनरल जी डी बख्शी(से नि) ने भेंट की। इस अवसर पर उनके मध्य आंतरिक एवं बाह्य राष्ट्रीय सुरक्षा और राष्ट्र प्रथम से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। मुलाकात के दौरान उन्होंने अग्निवीर योजना के बारे में भी चर्चा की जिसमें राज्यपाल ने इस योजना को भारतीय सेना के लिए एक महत्वपूर्ण कदम बताया, खासकर उत्तराखण्ड जैसे सैन्य बाहुल्य प्रदेश के लिए, जहां वीरता और बलिदान की एक लंबी परंपरा रही है और यहां के युवाओं में सेना में जाकर देश सेवा करने का जज्बा सदा ही बना रहता है।

राज्यपाल ने इस अवसर पर अग्निवीर योजना के तहत आने वाले जवानों के प्रशिक्षण की गुणवत्ता और उनकी क्षमता की सराहना की। उन्होंने कहा कि अग्निवीरों का प्रशिक्षण और प्रतिस्पर्धा उच्चतम स्तर की हो रही है, और यह योजना सशस्त्र बलों को युवा ऊर्जा से भरने में सहायक साबित होगी। मुलाकात के दौरान उन्होंने भारतीय सेना और केंद्र व राज्य सरकार द्वारा सैनिकों और उनके परिवारों के कल्याण के लिए चलाई जा रहीं योजनाओं पर चर्चा की। उन्होंने नेशनल डिफेंस कॉलेज, आतंकवादी निरोधक अभियानों और एक साथ किए गए विदेशी दौरों की सुनहरी यादों को भी साझा किया। उन्होंने राष्ट्रीय सुरक्षा और पहाड़ी क्षेत्रों में अपनी सैन्य शक्ति को और अधिक मजबूत करने पर जोर दिया और इन संवेदनशील क्षेत्रों में दुश्मनों की हर एक नापाक कोशिश को विफल करने के लिए जरूरी बताया।

............0............